# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–15.09.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **हजारीबाग में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली कमांडर समेत तीन ढेर, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– बोकारो में पूरी तरह समाप्त हो गया नक्सलवाद।**
2. **राज्य में पेसा नियमावली लागू करने की पहल तेज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश।**
3. **नीति आयोग के मेगा टिंकरिंग दिवस ने रिकॉर्ड भागीदारी के साथ रचा इतिहास, इंडिया बुक और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की सूची में बनाई जगह।**
4. **इंजीनियर दिवस पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, राज्य सरकार ने कहा–आधुनिक झारखंड के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका महत्वपूर्ण।**
5. **रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने 18 सितंबर तक भारी से अति भारी बारिश का जारी किया अलर्ट।**

*******************

हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पाती पिरी में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में तीन शीर्ष नक्सली मारे गए हैं। इनमें एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन, 25 लाख रुपए का इनामी रघुनाथ हेंब्रम और 10 लाख रुपए का इनामी बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन शामिल हैं। पुलिस ने नक्सलियों के पास से एक–47 जैसे घातक हथियार भी बरामद किया। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनि अंजन ने बताया कि दो सौ 9 कोबरा बटालियन और हज़ारीबाग़ पुलिस की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली।

*******************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों की बहादूरी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा।

*******************

नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिलने पर डीजीपी अनुराग गुप्ता राज्य के वरीय अधिकारियों के साथ हजारीबाग पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री गुप्ता ने बताया कि मारे गये नक्सली नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के पुत्र की हत्या में भी शामिल थे। डीजीपी ने कहा कि झारखंड में नक्सली विरोधी अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एक जनवरी से अब तक 29 नक्सलियों को झारखंड के जवानों ने मार गिराया है।

*******************

राज्य में पेसा नियमावली लागू करने की पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वरीय पदाधिकारियों के साथ आज उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक एवं स्थानीय स्वशासन व्यवस्था के तहत ग्राम सभाओं को प्रदत की जाने वाली शक्तियों, अधिकारों और कार्यों से संबंधित पेसा नियमावली के विभिन्न उपबंधों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

*******************

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत मेगा टिंकरिंग डे पहल ने इंडिया बुक और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की सूची में जगह बनाई है। नीति आयोग ने बताया कि इस पहल ने एक ही दिन में टिंकरिंग गतिविधि में सबसे ज़्यादा छात्रों की भागीदारी का रिकॉर्ड बनाया है। आयोग ने कहा कि नौ हज़ार से ज़्यादा अटल टिंकरिंग लैब स्कूलों के 4 लाख 73 हज़ार से ज़्यादा छात्रों ने मिलकर स्वच्छ भारत के लिए एक समाधान तैयार किया है।

*******************

इधर पाकुड़ जिले को नीति आयोग की पहल एआई फॉर विकसित भारत में झारखंड के चार चयनित जिलों में शामिल किया गया है। इस सिलसिले में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले का प्रतिनिधित्व किया।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में टाटा मोटर्स लिमिटेड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने टाटा मोटर्स द्वारा हाइड्रोजन इंजन एवं इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से संबंधित जानकारी दी।

******************

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने झारखंड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली में संशोधन कर दिया है। इसके तहत अब सभी स्कूलों के लिए मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

******************

इंजीनियर दिवस पर आज भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को पूरा देश याद कर रहा है। झारखंड में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। रांची के शौर्य सभागार में झारखंड इंजीनियरिंग सर्विसेज एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सुदिव्य कुमार, दीपिका पांडेय और योगेन्द्र महतो शामिल हुए। इस मौके पर झारखंड में एक इंजीनियर्स एकेडमी के गठन की मांग रखा गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाने में इंजीनियरों की भूमिका अहम हो सकती है।

वही मंत्री दीपिका पाण्डेय ने भी कहा कि आधुनिक झारखंड के निर्माण में यहां के इंजीनियरों की बड़ी भूमिका होगी।

मंत्री योगेन्द्र महतो ने कहा कि इंजीनियर्स समाज और राष्ट्र की सेवा के माध्यम हैं, उनके बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है।

******************

चतरा जिले में जेएसएलपीएस की आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना खासकर महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

******************

राज्य के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो रही है। राजधानी रांची में भी कल से रुक रुक कर लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने 18 सितंबर तक रांची समेत कुल 16 जिलों भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवाती हवाओं और ट्रफ लाइन के प्रभाव से राज्य के बड़े हिस्से में तीन दिनों तक भारी से भारी बारिश की प्रबल संभावना है।

***************